E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎: 0512-2246609
☎: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी0ओ0ई0/1445/2026

दिनांक : 13/11/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषयः सत्र 2026–27 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित छात्र/छात्राओं के विषय परिवर्तन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि कतिपय महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा सत्र 2026–27 विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म पूरित करते समय प्रवेशित विषय से इतर त्रुटिवश दूसरे विषय का चयन कर लिया गया है, जबकि छात्र को प्रवेशित विषय की परीक्षा में प्रतिभाग करना है। उक्त के सम्बन्ध में विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा अनुरोध किया गया है।

अतः आदेशानुसार, सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित छात्र/छात्राओं की सूची निर्धारित प्रारूप में महाविद्यालय के लेटर हेड के साथ **ईमेल आईडी coeoffice@csjmu.ac.in** पर दिनांक 20.11.2026 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे ससमय विषय परिवर्तन सम्बन्धी कार्यवाही की जा सके तथा तद्क्रम में सत्र 2026–27 के स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के आन्तरिक/प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न करायी जा सकें। उक्त तिथि के उपरान्त विषय परिवर्तन सम्बन्धी प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

सम्बन्धित निर्धारित प्रारूप निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	छात्र/छात्रा का नाम	महाविद्यालय/संस्थान का नाम	नामांकन संख्या	अनुक्रमांक	पाठ्यक्रम का नाम	गलत प्रश्न पत्र का नाम एवं कोड	सही प्रश्न पत्र का नाम एवं कोड

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, सी0डी0सी0, सी0एस0जी0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
4. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा)।
6. पी.एम.यू. सेल/प्रभारी, कोडिंग ।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

13/11/26

(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)